उत्तर प्रदेश शासन
चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1
संख्या-90/2015/419 /71-1-2015-जी-33/2015
लखनऊ : दिनांक 01 अप्रैल, 2015
कार्यालय-ज्ञाप

महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या-एम0ई0-2/2015/283, दिनॉक 25-02-2015 द्वारा की गयी संस्तुति पर सम्यक विचारोपरान्त श्री राज्यपाल महोदय डा0 संजय कुमार यादव, बाल रोग विशेषज्ञ, अधीन मुख्य चिकित्साधिकारी, सहारनपुर को राजकीय मेडिकल कालेज, सहारनपुर में चिकित्सा अधीक्षक के पद पर सेवा स्थानान्तरण के आधार पर 01 वर्ष अथवा लोक सेवा आयोग से चयनित अभ्यर्थी उपलब्ध होने, जो भी पहले घटित हो, तक के लिए तैनात किये जाने की सहर्ष स्वीकृति निम्नलिखित शर्तो के अधीन प्रदान करते है:-

1- डा0 संजय कुमार यादव को उक्त तैनाती के दौरान वही वेतन भत्ते अनुमन्य होंगे जो उन्हें उनके मूल विभाग से प्राप्त होते।

2- डा0 संजय कुमार यादव का गहन/धारणाधिकार उनके मूल विभाग में पूर्ववत् बना रहेगा और कार्यहित में उन्हें कभी भी उनके मूल विभाग में वापस किया जा सकेगा।

संजय कुमार उपाध्याय
संयुक्त सचिव।

संख्या:-90/2015/419(1)/71-1-2015- तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 लखनऊ।
3- महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ।
4- प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज, सहारनपुर।
5- वित्त नियंत्रक, मेडिकल कालेज, सहारनपुर।
6- मुख्य चिकित्साधिकारी, सहारनपुर।
7- कोषाधिकारी, सहारनपुर।
8- संबंधित चिकित्सा अधिकारी।
9- चिकित्सा अनुभाग-3/गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(शैलेन्द्र नाथ शुक्ल)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।